हार्मोनाइज़्ड सिस्टम कोड

प्रीलिम्स के लिये: हार्मोनाइज़्ड सिस्टम कोड, विश्व सीमा शुल्क संगठन

मेन्स के लिये: हार्मोनाइज़्ड सिस्टम कोड से संबंधित विभिन्न तथ्य

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा खादी को एक अलग 'हार्मोनाइज़्ड सिस्टम कोड' आवंटित किया गया है।

मुख्य बिंदु:

- भारतीय संस्कृति की अभिन्न पहचान खादी को हार्मोनाइज़्ड सिस्टम कोड (Harmonised System Code-HS Code) प्रदान किया गया है।
- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय महात्मा गांधी ने हाथ की कताई तथा बुनाई वाले खादी के वस्त्रों को ही पहना था।
- केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) मंत्रालय के अनुसार, खादी को HS कोड मिलने से इसकी रूढ़िगत छवि से छुटकारा मिलेगा तथा इसके उत्पादों का निर्यात बढ़ेगा।

हार्मोनाइज़्ड सिस्टम कोड:
(Harmonised System Code-HS Code)

- हार्मोनाइज़्ड सिस्टम कोड छह अंकों का एक कोड है, जिसे विश्व सीमा शुल्क संगठन (World Customs Organization) द्वारा विकसित किया गया है।
- इस कोड के मिलने का अर्थ है किसी वस्तु का बहुउद्देशीय अंतर्राष्ट्रीय उत्पाद के रूप में पहचान प्राप्त करना।
- वर्तमान में 200 से अधिक देश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के आँकड़ों के संग्रह, व्यापार नीतियाँ बनाने और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में अपने सामान की निगरानी तथा अपने सीमा-शुल्क की दरों को सुनिश्चित करने के लिये HS कोड प्रणाली का उपयोग करते हैं।
- HS कोड प्रणाली उत्पादों की व्यापार प्रक्रियाओं तथा सीमा शुल्क को सुसंगत बनाती है और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में लागत को कम करती है।
- विश्व सीमा-शुल्क संगठन के अनुसार, वर्तमान में HS कोड प्रणाली में लगभग 5000 कमोडिटी समूह शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक समूह को 6 अंकों वाला एक यूनिक (Unique) नंबर प्रदान किया जाता है, इस कोड में संख्याओं को कानूनी और तार्किक ढंग से व्यवस्थित किया जाता है। यह कोड विश्व में सीमा-शुल्क दरों में समान वर्गीकरण नियमों को अच्छी तरह परिभाषित करता है।
- HS कोड में प्रथम दो अंक HS अध्याय, अगले दो अंक HS शीर्षक तथा बाकी दो अंक HS उप-शीर्षक को प्रदर्शित करते हैं।
- उदाहरण के लिये, अनन्नास का HS कोड 0804.30 है। यहाँ 08 खाद्य फलों, नट्स, छिलके वाले साइट्रस (Citrus) फलों के लिये अध्याय कोड है, 04 खजूर, अनन्नास, अवागेदो जैसे रसीले और सूखे फलों के लिये शीर्षक है तथा 30 विशेषतः अनन्नास के लिये उप-शीर्षक है।

खादी को HS कोड प्रदान करने के निहितार्थ:

- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा उठाए गए इस कदम से आने वाले वर्षों में खादी उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होने की उम्मीद है।
- वर्ष 2006 में केंद्र सरकार ने MSME के अधीन स्थापित खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को निर्यात संवर्द्धन परिषद का दर्जा दिया गया था।
- परंतु खादी के लिये अलग HS कोड न होने के कारण इसके निर्यात को वर्गीकृत तथा इसकी गणना करना कठिन था। इस नवीनतम कदम से इस समस्या को हल करने में सहायता मिलेगी।
- खादी को HS कोड न मिलने के कारण इसके निर्यात संबंधी आँकड़ों को सामान्य कपड़ों से संबंधित आँकड़ों के रूप में ही लिया जाता था। परंतु अब खादी को HS कोड मिलने से खादी के निर्यात से संबंधित न केवल शुद्ध आँकड़े प्राप्त होंगे बल्कि भविष्य में यह कोड निर्यात रणनीति बनाने में भी सहायता करेगा।

स्रोत- द इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/harmonised-system-code